हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 09 देहरादून, शनिवार, 24 जून, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




पीएम मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा और सीएम धामी की हुई बैठक 3

# चार धाम ने बनाया रिकॉर्ड, दर्शनार्थियों की संख्या से उत्साहित धामी सरकार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 जून , विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने जहाँ राज्य सरकार के खजाने पर बारिश की है वहीं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हज़ारों लोगों को मुनाफ़ा दे रही है। जैसा कि पहले ही सरकार ने उम्मीद जताई थी इस बार तीर्थाटन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नया रिकार्ड बना सकती है।

पिछले साल की यात्रा में 46 लाख यात्रियों ने दर्शन किए लेकिन इस बार महज दो महीने में दर्शन करने वाली यात्रियों की संख्या 30 लाख पार पहुंच गई है। अभी यात्रा चार महीने और चलेगी। आपको यहाँ बता दें कि 22 अप्रैल को गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुलने से चारधाम यात्रा का आगाज हुआ था। 25 अप्रैल को केदारनाथ और 27 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद पूर्ण रूप से चारधाम यात्रा शुरू हुई। जबकि 20 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुले।जिसके बाद से छुटपुट समस्याओं को छोड़ दें तो निर्बाध और बेहतर इन्तेजामों के बीच ये यात्रा जारी है। ये एक बेहतरीन आंकड़े है जो बताते हैं कि दो माह के यात्रा काल में ही चारधामों में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 30 लाख पार हो गया है। इसमें सबसे अधिक 10.20 लाख यात्री केदारनाथ धाम में दर्शन कर चुके हैं। सरकार को इस बार यात्रा में 50 लाख से अधिक यात्रियों के आने की उम्मीद है। यात्रा के लिए पंजीकरण की संख्या भी 48 लाख से अधिक हो गई है. यही रफ़्तार रही तो प्रदेश में चार धाम यात्रिओं की आमद का नया रिकॉर्ड भी बन जायेगा।




# उत्तराखंड भ्रमण में जा रहे निम दल को शुभकामनाएं : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंप कार्यालय, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु उत्तराखंड भ्रमण में जा रहे निम (NIM) के MTB Cycling Expedition दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'वाइब्रेंट विलेज स्कीम' के अंतर्गत सीमांत गांव के व्यापक विकास और चिन्हित सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्थानीय स्तर पर रोजगार, पर्यटन को बढ़ाने, स्वस्थ भारत अभियान के तहत युवा वर्गों में साहसिक क्रियाकलापों के साथ स्वास्थ्य के



प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नीम द्वारा उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है।इस अभियान में कुल 06 सदस्य है। यह अभियान प्रदेश के 11 जिलों से गुजरते हुये सम्पन्न होगा। इस आभियान का शुभारंभ जधोंग गांव (Vibrant Village) से होगा। जिसमे कुल लगभग 1064 किलोमीटर की साइक्लिंग की जायेगी। इस अभियान के दौरान गढ़वाल व कुमाऊ दोनों मण्डलों में स्थित गढवाल विश्वविद्यालय, कुमाऊ विश्वविद्यालयों के छात्रों, एवं फैकल्टी मेंबर्स के साथ साहसिक क्रियाकलापों के साथ रोजगार का सृजन एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत की धारणा के साथ संवाद व परिचर्चा भी सम्मिलित है। इस दौरान कार्यक्रम में कर्नल अंशुमान भदौरिया प्रधानाचार्य निम, मेजर देवल बाजपेयी, उप प्रधानाचार्य निम, राकेश राणा, दीप बहादुर शाही, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। उत्तराखण्ड भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बने इसके लिये मुख्यमंत्री द्वारा कड़े निर्देश भी जारी किये गये हैं। सर्तकता विभाग को घूसखोरी एवं कदाचार के मामलों में प्रभावी नियंत्रण के लिये भी सजगता से कार्य दायित्वों के निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में सतर्कता विभाग द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने की राज्य सरकार की सुस्पष्ट प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए कठोर निर्णय लिये जा रहे हैं। मौजा जाखन कोचर कॉलोनी जाखन पश्चिम ऑफिसर्स कॉलोनी राजपुर रोड़ पर गलत तरीके से जमीनों पर अवैध कब्जा किये जाने के प्रकरण में दोषी अभियुक्तों सेवा निवृत्त लेखपाल मौजा जाखन तहसील सदर देहरादून, कुशाल सिंह राणा पुत्र स्व. जूरा सिंह तथा अभियुक्त राजेन्द्र डबराल पुत्र स्व. इंद्रमणि डबराल के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोजन चलाने की अनुमति दी गई। जमीन की सही रिपोर्ट लगाने के एवज में रिश्वत मांगने के संदर्भ में अभियुक्त महिपाल सिंह लेखपाल तहसील लक्सर जिला हरिद्वार के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत अभियोजन चलाये जाने, रजनीश कुमार पांडे, हाल वरिष्ठ भंडारक गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित किये जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किये जाने की अनुमति दी गई है। भूपेन्द्र कुमार मुख्य महाप्रबंधक वित्त उत्तराखण्ड परिवहन निगम के विरुद्ध पद का दुरुपयोग करने, भ्रष्टाचार में लिप्त रहने इत्यादि की खुली सतर्कता जांच की अनुमति दी गयी है।

# उत्तराखंड के 11 जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी, अगले 3 दिन के लिए रेड अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 24 जून : उत्तराखंड में अगले चार दिन मौसम का मिजाज बहुत ज्यादा बिगड़ा रहेगा। जी हां मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के मुताबिक 23 से 26 जून तक उत्तराखंड के कई जनपदों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसे देखते हुए ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान विशेष एहतियात बरतने की सलाह भी दी है। मौसम के हाल की बात करें तो मौसम विज्ञान केंद्र ने 23 जून को उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी बारिश हो सकती है इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उधम सिंह नगर ,पौड़ी ,चंपावत, बागेश्वर और हरिद्वार जिले में भी गरज चमक के साथ तेज बारिश की संभावना है। जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। स्थानों में 30 से 40



किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार झोकेदार हवाएं चलने की भी मौसम विभाग ने संभावना जताई है। 24, 25 और 26 जून को उत्तराखंड के कई जिलों में मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी किया गया है। नदियों के किनारे रहने वाले सावधान रहें। कहीं कहीं भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध हो सकती हैं।

# केदारनाथ में यात्रियों को गर्भ गृह में जाकर दर्शन की अनुमति

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में आम तीर्थयात्रियों को अब गर्भ गृह में जाने का अवसर दे दिया गया है। बीकेटीसी ने यात्रा में आई कमी को देखते हुए सभी यात्रियों को गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति दी है। साथ ही यह भी फैसला लिया कि आने वाले दिनों में फिर से यात्रा में तेजी आने पर पहले की तरह सभा मंडप से ही दर्शन कराने की व्यवस्था की जाएगी। 25 अप्रैल से केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही यहां बड़ी संख्या में यात्री दर्शनों को पहुंचते है। प्रतिदिन 20 हजार यात्री दर्शनों को पहुंचते हैं, ऐसे में बदरी-केदार मंदिर समिति ने दूसरे दिन से ही सभी तीर्थयात्रियों को गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। सभा मंडप से ही दर्शन करने दिया। ताकि सभी यात्रियों को बेहतर दर्शन हो सके और कोई अव्यवस्था न हो। साथ ही वीआईपी और हेलीकॉप्टर से आने वाले यात्रियों को ही गर्भ गृह में जाने दिया जाता है। अब, यात्रा में कमी आने लगी है। प्रतिदिन दर्शन करने वाली यात्री संख्या भी 15 हजार से नीचे आ गई है। वहीं दूसरी ओर हेलीकॉप्टर सेवाएं भी बंद होने लगी है। ऐसे में केदारनाथ में यात्रियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इसी को देखते हुए बीकेटीसी ने केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में सभी यात्रियों को प्रवेश की अनुमति दे दी है।

बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार से इस व्यवस्था को शुरू कर दिया गया है। सभी यात्री गर्भ गृह में जाकर बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यात्री को अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर ही गर्भ गृह में जाने की अनुमति दी जा रही है।

# देश के सबसे खूबसूरत रेलवे स्टेशन काठगोदाम का इतिहास





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जून , यह वह दौर था, जब पूरा क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ था, बाघ, तेंदुओं और हाथी की दहशत हुआ करती थी। पहाड़, नदी और जंगल से हरा भरा नैनीताल की तलहटी में बसा यह इलाका प्राकृतिक सौंदर्य से पूरिपूर्ण हुआ करता था। पहाड़ को मौदान से जोड़ने वाला यह आखिरी स्टेशन तब से एक भी कदम और आगे पहाड़ न चढ़ सका है।

**व्यापार करने के लिए अंग्रेजों ने बिछाई पटरी**

सन 1800 में अंग्रजों का भारत में शासन जोरों से चल रहा था। मुम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, आगरा और लखनऊ के लिए उन्होंने ट्रेन की व्यवस्था कर ली थी, मगर उत्तरी पूर्व के लिए ट्रेन की पटरी तक नहीं बिछी थी। ऐसे में उन्हें इधर व्यवसाय करने में परेशानी हो रही थी। सो व्यापार के लिए उन्होंने काफी कोशिशें कर काठगोदाम तक रेल पटरी बिछा ली, लेकिन यहां से आगे पहाड़ होने के कारण रेल लाइन आगे न बना सके। उन्होंने 1870 के दशक में ही पटरियों की नींव रख दी थी। और इस तरह से पहाड़ का आखिरी स्टेशन कोठगोदाम बना। और पहली बार 24 अप्रैल 1884 में यहां पहली ट्रेन लखनऊ से आई ।

नैनीताल जिले के निचले हिस्से में गौला नदी के तट पर बसा है काठगोदाम। काठगोदाम को पहले चौहान पाटा के नाम से जाना जाता था। 1901 तक यह 300-350 की आबादी वाला एक गांव हुआ करता था। उस समय इंडिया के टिम्बर किंग नाम से पहचाने जाने वाले दान सिंह बिष्ट उर्फ दान सिंह 'मालदार' ने चौहान पाटा में लकड़ी के कई गोदाम बनाए। जिसके बाद से चौहानपाटा काठगोदाम के नाम से जाना जाने लगा। दान सिंह मालदार मूल रूप से पिथौरागढ़ के रहने वाले थे और हल्द्वानी-अल्मोड़ा मार्ग पर बीर भट्टी में भी उनका घर था।

काठगोदाम में घूमने लायक स्थानों में कालीचौड़ मंदिर और शीतला देवी मंदिर ,है। इसके अलवा गौला नदी ,भीमताल ,नैनीताल ,रानीबाग आदि प्रसिद्ध हैं। यह स्थान कुमाऊं मंडल के द्वार के रूप में प्रसिद्ध है ,तो यहाँ से आगे को घूमने के कई विकल्प खुल जाते हैं।

# ये है मिटटी की बोतल , 'देसी फ्रिज' से बुझाइये गर्मी में प्यास

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जून , गर्मी के मौसम में मिट्टी से बने बर्तनों की मांग तेज हो जाती है। कभी सुराही तो कभी कुल्हड़ और अब बोतल ... जी हाँ , बाजारों में मिट्टी से बनी पानी की बोतल की मांग बढ़ गई है। एक विक्रेता ने बताया, ₹इसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं हुआ है, यह पूरी मिट्टी की बनी है। लोग भी इसे बहुत पसंद कर रहे हैं।₹इस बार बाजार में कई तरह के बर्तन बनाए गए हैं, जिनमे टोंटी वाले घड़े की डिमांड भी खूब है। उसमे से पानी निकालना आसान होता है, साथ ही साफ सफाई भी बनी रहती है। पानी पीने वाले मिट्टी के ग्लास, चाय पीने के लिए कुल्हड़ और खाना बनाने के लिए कई तरह के बर्तन तैयार किए गए हैं। इनमें मिट्टी से बना तवा, मिट्टी की बनी कड़ाही और भी कई तरह के बर्तन बाजार में धूम मचा रहे हैं।



मिट्टी के बर्तन सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। खाना पकाने के दौरान धातु के बने बर्तनों के मुकाबले मिट्टी के बर्तन में कहीं ज्यादा मात्रा में पौष्टिक तत्व बरकरार रहते हैं। गर्मी के दिनों में मिट्टी के मटके के पानी के स्वाद और शीतलता के आगे सब फीका होता है। पीढियों से मिट्टी के बर्तन हमारे खान-पान और जीवन शैली का हिस्सा रहा है। पहले गांवों में दही भी मिट्टी के बर्तन में ही जमाई जाती थी। कुल्हड़ की चाय का अपना स्वाद है। गर्मियों में पक्षियों की प्यास बुझाने घरों के बाहर मिट्टी के सकोरे रखने का चलन आज भी है। वक्त के साथ साथ मिट्टी से बने ये बर्तन चलन से बाहर होते चले गए और इनका प्रयोग सीमित हो गया।

किंतु रायगढ़ में आज महिलाएं भी ये मिट्टी के बर्तन बना रही हैं। जिन्हें सी-मार्ट के जरिए एक अच्छा बाजार मिल रहा है। लैलूंगा की राधारानी स्व-सहायता समूह की महिलाएं मिट्टी के बॉटल, कुकर, कढ़ाई, बर्तन बना रही हैं। समूह की हेमकुंवर कुराल बताती हैं कि वे मिट्टी के बॉटल बनाती हैं। जिनकी गर्मियों में खासी डिमांड रहती है। इसमें पानी ठंडा रहता हैए और इसको कहीं लाना ले जाना भी आसान है। इसके साथ ही वे मिट्टी की बनी कढ़ाई और कुकर भी बना रही है। उनके बनाए बर्तनों की स्थानीय स्तर के अलावा सी मार्ट में अच्छी मांग रहती है।

# सत्यप्रेम की कथा में होगा पसूरी का 'रीमेक' , इस दिन रिलीज होगा गाना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 23 जून : कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जोड़ी बड़े पर्दे पर खूब पसंद की गई है। भूल भुलैया 2 में कार्तिक और कियारा को खूब पसंद किया गया है। दोनों ने पर्दे पर एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। अब दोनों की फिल्म सत्यप्रेम की कथा रिलीज हो रही है। इस फिल्म में भी दोनों प्रेमी के किरदार में नज़र आ रहे हैं। कुछ दिन पहले इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में एक स्पेशल रीमेक नंबर रखा जाएगा। सत्यप्रेम की कथा में हिट गाने 'पसूरी' का रीमेक होगा। खबर है कि आने वाले दिनों में कार्तिक और कियारा कथित तौर पर मुंबई में इस गाने की शूटिंग करेंगे, जहां शूटिंग के लिए एक स्पेशल सेट रखा गया है। पसूरी का रीमेक सत्यप्रेम की कथा की रिलीज डेट के करीब रिलीज होगा। बता दें कि पसूर को अली सेठी और शे गिल ने मिलकर गाया है। फिल्म की बात करें तो समीर विदवान्स द्वारा निर्देशित सत्यप्रेम की कथा में सुप्रिया पाठक कपूर, गजराज राव, सिद्धार्थ रंधेरिया, अनुराधा पटेल, राजपाल यादव, निर्मित सावंत और शिखा तलसानिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सत्यप्रेम की कथा 29 जून,



2023 को रिलीज होने वाली है।बता दें कि कार्तिक ने इस साल फिल्म इंडस्ट्री में 12 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कैमरे के सामने अपनी जर्नी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 'मेरी फिल्म हमेशा मनोरंजन के सामान्य धागे से बंधी रहेंगी। दर्शकों को मेरे द्वारा निभाए गए विभिन्न किरदारों की अपेक्षा करनी चाहिए, लेकिन मैं अपनी फिल्मों में मनोरंजन के अंश को नहीं जाने दूंगा। इसलिए मैं अलग-अलग जॉनर की फिल्में करने को लेकर उत्साहित हूं, बशर्ते वह मनोरंजन से भरपूर हों।'

# टार्गेट पूरा नहीं किया, तो कंपनी ने कर्मचारियों को खिलाएं कच्चे करेले

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 23 जून : किसी भी काम को लोगों से कराने के लिए रिवॉर्ड एंड पनिशमेंट पॉलिसी अपनाई जाती है. अगर काम वक्त पर अच्छी तरह से हो गया तो इनाम दिया जाता है और अगर काम नहीं हो पाए तो इसके लिए सज़ा भी दी जाती है. स्कूलों में सज़ा थोड़ी ज्यादा सख्त होती है लेकिन बड़े होने पर किसी को शारीरिक सज़ा नहीं दी जाती है. हालांकि अगर कॉर्पोरेट सेक्टर में सज़ाओं की बात की जाए तो चीन में ऐसा खूब होता है. यहां लोगों को अच्छी तरह से परफॉर्म न करने पर सज़ाएं देने के अजीबोगरीब मामले और वीडियो सामने आ चुके हैं. कभी उन्हें एक-दूसरे से थप्पड़ मरवाया जाता है तो कई बार कुत्तों की तरह पट्टा बांधकर चलने के भी मामले सामने आ चुके हैं. एक बार फिर से एक ऐसा ही मामला सुर्खियों में है.साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के जियांगसू प्रांत से ऐसा ही मामला सामने आया है. यहां एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कंपनी की ओर से दर्जनों कर्मचारियों को कच्चे करेले खाने को मजबूर किया गया. सज़ा के तौर पर कर्मचारी कड़वे कच्चे करेले को खाते हुए कुछ वीडियो में दिखाई दिए. कंपनी की ओर से इसे रिवॉर्ड एंड पनिशमेंट स्कीम करार दिया गया है और बताया गया कि कर्मचारियों ने इस पर सहमति दी थ ी.

कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि लोग दर्द से बचना चाहते हैं. कड़वे करेले कोई खाना नहीं चाहता, ऐसे में वे अगली बार कड़ा परिश्रम करेंगे. सोशल मीडिया पर लोग ये खबर सुनकर दंग हैं. उन्होंने कर्मचारियों का पक्ष लिया और कहा कि इससे अच्छा है कि वे उन्हें नौकरी से निकाल ही दें. बहुत से लोगों ने अपनी सज़ाओं का ज़िक्र भी किया, जो मिर्ची, काली मिर्च खिलाने और टॉयलेट वॉटर पिलाने तक पहुंच जाती हैं.



# गढ़वाल कमिश्नर की निगरानी में होगी केदारनाथ मंदिर गर्भ गृह की जांच

## जांच कमेटी में तकनीकी विशेषज्ञों के साथ-साथ सोनार को भी किया जायेगा शामिल : महाराज





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 24 जून , प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्ण मण्डित करने से उठे विवाद और अफवाओं को विराम लगाते हुए सचिव धर्मस्व को निर्देश देकर गढ़वाल कमीशनर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर मामले की तह तक पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्ण मण्डित करने से उठे विवाद और अफवाओं को विराम लगाते हुए सचिव धर्मस्व को निर्देश देकर गढ़वाल कमीशनर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। जांच कमेटी में तकनीकी विशेषज्ञों के साथ-साथ सूनार को भी शामिल करने की बात कही गई है। महाराज ने कहा कि विपक्षी दल आस्था से जुड़े इस मामले को अनावश्यक तूल देकर चारधाम यात्रा में खलल डालने की कुचेष्ठा न करे। गढ़वाल कमीशनर की अध्यक्षता में जांच कमेटी के गठित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले को लेकर बेहद संवेदनशील है। मेरा विनम्र आग्रह है कि इस प्रकार के मामलों को विवादों में न डाला जाए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अधिनियम-1939 में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही दानी दाता से दान स्वीकारा गया है और श्री केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह को स्वर्ण मंडित करने के लिए प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।

महाराज ने कहा कि भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों की देख देख में ही स्वर्ण मंडित करने का कार्य किया गया था। बीकेटीसी द्वारा केदारनाथ मन्दिर के गर्भगृह की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने की अनुमति दानी दाता की पावन भावना के अनुरूप दी गई। मीडिया सलाहाकार निशीथ सकलानी की ओर जारी प्रेस बयान में यह भी स्पष्ट किया है कि गर्भ गृह को स्वर्ण मंडित करने का कार्य स्वयं दानी दाता ने अपने स्तर से किया है। दानी दाता द्वारा अपने स्तर से ज्वैलर्स से तांबे की प्लेटें तैयार करवाई गई और फिर उन पर सोने की परतें चढ़ाई गईं। दानी दाता ने अपने ज्वैलर्स के माध्यम से ही इन प्लेटों को मंदिर में स्थापित कराया।

सोना खरीदने से लेकर गर्भ ग्रह की दीवारों पर जड़ने तक का सम्पूर्ण कार्य दानी द्वारा कराया गया। मन्दिर समिति की इसमें कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। स्वर्ण व तांबे की प्लेटों के आधिकारिक बिल व बाउचर भी बीकेटीसी को कार्य पूर्ण होने के पश्चात दे दिए गए थे। बहरहाल सच्चाई जो भी हो उसका पता लगाया जाएगा और जांच कमेटी की जांच के पश्चात ही आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# पीएम मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा और सीएम धामी की हुई बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 24 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने शिष्टाचार भेंट की ।इस दौरान प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बद्रीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें उपहार स्वरूप स्थानीय उत्पाद भेंट किए ।प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल द्वारा चमोली पहुंच बद्रीनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष कार्याधिकारी केदारनाथ बद्रीनाथ रिडेवलपमेंट वर्क्स भाष्कर खुल्बे भी उपस्थित रहे।

# बीईओ से उपशिक्षाधिकारी का चार्ज हटाने की मांग

पौड़ी। प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंडशिक्षाधिकारी थलीसैंण पर शिक्षकों का उत्पीडन का आरोप लगाया है। साथ ही थलीसैंण में उप शिक्षाधिकारी के तैनात होने के बावजूद बीईओ को ही उप शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। पदाधिकारियों ने बीईओ द्वारा हाल में निलंबित शिक्षक को बहाल किए जाने और बीईओ से उप शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार वापस लेने की मांग उठाई है। ऐसा न करने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। प्राथमिक शिक्षक संघ पौड़ी के जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान ने कहा है कि थलीसैंण में उप शिक्षा अधिकारी कार्यरत होते हुए भी खंड शिक्षा अधिकारी को उप शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया जाना गलत और औचित्यहीन है। जुगरान ने आरोप लगाया कि खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण बीते एक साल से शिक्षकों का उत्पीडन कर रहे हैं। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समस्याओं को लेकर बीईओ गंभीर नहीं है।

जिले में शिक्षकों को विशेष अवकाश जितने खाते में जमा है वह देय हो रहें है, लेकिन थलीसैंण में केवल 9 विशेष अवकाश दिए जा रहे हैं। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए शिक्षक संजय कुमार पर भी द्वेष भावना से कार्रवाई की गई है। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि संजय कुमार का निलंबन अविलंब वापस नहीं लिया जाता और विवेक पंवार से उप शिक्षा अधिकारी का कार्यभार नहीं हटाया जाता है तो उग्र आंदोलन के लिए संघ बाध्य होगा। इधर,पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ आनंद भारद्वाज ने बताया कि शिक्षक का निलंबन नियमानुसार ही किया गया है। थलीसैंण में तैनात उपशिक्षाधिकारी के विरुद्ध कुछ कार्रवाई गतिमान है जिस पर बीईओ थलीसैंण को उप शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कच्ची शराब के 141 पाउच संग दो गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुखानी पुलिस ने कच्ची शराब के 141 पाउच के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात एसआई अनिल कुमार टीम के साथ कमलुवागांजा क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान खुशालपुर चौराहे के पास निर्मल सिंह उर्फ निम्मू और लखविन्दर सिंह दोनों निवासी रुद्रपुर के सामान की तलाशी ली गई। आरोपियों से 141 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए।

### कार्यशाला का आयोजन आज

पौड़ी। शहर के जल व ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर शनिवार को नगरपालिका सभागार में उत्तराखंड प्रशासन अकादमी डा.आरएस टोलिया द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि कार्यशाला में शहर के जल, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की जाएगी।

### पीएम मोदी के पक्ष में मांगा समर्थन

पौड़ी। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के थलीसैंण में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने महा-जनसंपर्क अभियान के तहत घर- घर जाकर लोगों से पीएम मोदी पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत थलीसैंण पहुंचे। यहां पर पहले उन्होंने टिफिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि नौ सालों में देश प्रगित पथ पर अग्रसर हुआ है। इस दौरान महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर पर जाकर लोगों से मुलाकात भी की। उन्होंने मिस कॉल के जरिए पीएम मोदी के लिए समर्थन मांगा। उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, जिला सहकारी संघ पौड़ी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### पौड़ी कोतवाली में पैसों के लेनदेन को लेकर हंगामा

पौड़ी। पैसों के लेनदेन को लेकर शहर में दो पक्षों में विवाद हो गया। वहीं एक पक्ष द्वारा वीडियो जारी करते हुए दूसरे पक्ष के खिलाफ गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। शुक्रवार को दोनों पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे। जहां पर पुलिस के सामने दोनों पक्षों में जमकर बवाल काटा। हालांकि बाद में दोनो पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे शिकायकर्ता ॠषभ कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार की शाम को एक युवक ने उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। इस दौरान उसके साथ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी है। कहा कि इसके बाद से वह व उसका परिवार डरा हुआ है। पीड़ित ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद लोगों की भीड़ शुक्रवार को कोतवाली में पहुंची। जहां पर एक पक्ष के द्वारा पुलिस के सामने जमकर हंगामा काटा गया। कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि मामला पैसों के लेनदेन को लेकर था। दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी बीरा भंडारी, व्यापार सभा के कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, आयुष भंडारी आदि शामिल रहे।

### यूकेडी के जिला मीडिया प्रभारी बने अजय

हल्द्वानी। उत्तराखंड क्रांति दल की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। लालकुआं के अजय उप्रेती को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय नेतृत्व की संस्तुति पर नैनीताल जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। उम्मीद जताई कि वे दल को आगे बढ़ाते हुए प्रचार-प्रसार करेंगे।

# उत्तराखंड के 6 जनपदों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 जून , उत्तराखंड में अगले चार दिन मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 23 से 26 जून तक राज्य के जनपदों में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। तथा इस दौरान विशेष एहतियात बरतने की सलाह भी दी है।मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार 23 जून को राज्य के उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उधम सिंह नगर ,पौड़ी ,चंपावत, बागेश्वर और हरिद्वार जिले में भी कहीं-कहीं गरज चमक के साथ तेज बारिश की संभावना है जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। स्थानों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार झोकेंदार हवाएं चलने की भी मौसम विभाग ने संभावना जताई है।




**24 जून से 26 जून तक तीन दिन भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट**

मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में 24 जून से 26 जून तक 72 घंटे भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट के मुताबिक राज्य के जनपदों में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बिजली चमकने , बहुत तीव्र से अत्यधिक तीव्र बौछार और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा राज्य के जनपदों में 3 दिन कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग ने इस दौरान विशेष एहतियात बरतने की सलाह भी दी है जिसको लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक 23 जून से 26 जून तक राज्य में प्री मानसून की गतिविधियां एक्टिव रहने के चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ रहेगा। 23 जून को राज्य में कहीं कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने , तीव्र बौछार होने तथा झोंकेदार हवाएं चलने के साथ-साथ राज्य के उत्तरकाशी. देहरादून. टिहरी. नैनीताल. बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 24 जून को रेड अलर्ट जारी करते हुए राज्य के जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने बहुत तेज से तेज अधिक तेज बरसात होने तथा झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है तथा राज्य में कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बरसात भी हो सकती है मौसम विभाग ने 25 जून को भी राज्य के जनपदों में बिजली गिरने बहुत तेज से तेज हवाएं चलने की संभावना के साथ भारी से भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विभाग ने तीसरे दिन भी लगातार रेड अलर्ट जारी करते हुए राज्य के जनपदों में तेज से अधिक तेज गति से हवाएं 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के साथ में कहीं-कहीं भारी से भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी करने के चलते लोगों को 24 से 26 जून तक संवेदनशील इलाकों में हल्की से मध्यम भूस्खलन होने की संभावना कुछ स्थानों पर नदी के जल स्तर पर वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है मौसम विभाग ने कहा है कि छोटी छोटी नदी नालों के समीप रहने वाले लोगों को तथा बस्तियों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहना चाहिए साथ ही उन्होंने बांध प्रबंधन अधिकारियों को भी आवश्यक एतिहाद उपाय करने की भी हिदायत दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ विक्रम सिंह के मुताबिक राज्य में 26 – 27 जून तक मानसून की दस्तक देने की संभावना है जिसके बाद प्रदेशभर में मानसून की गतिविधियां पूरी तरह एक्टिव हो जाएगी।

# चाय पीने से बढ़ती है उम्र, ये है इसके और भी फायदे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : आमतौर पर हम सबके दिन की शुरुआत एक कप चाय या कॉफी से होती है। सुबह-सुबह उठकर एक कप चाय कॉफी पीकर हम खुद को रिफ्रेश महसूस करते हैं लेकिन हर दिन हमें तरोताजा करने वाली चाय केवल इतना ही काम नहीं करती बल्कि ये हमारी उम्र को भी बढ़ाती है। जी हां चाय पीने से उम्र बढ़ती है। ये बात एक ताजा रिसर्च में सामने आई है।



ताजा स्टडी के मुताबिक चाय पीने से उम्र बढ़ती है और सेहत में भी सुधार होता है। ये अध्ययन चीन की राजधानी पेइचिंग में अकादमी ऑफ मेडिकल साइंसेज में हुआ है। इस अध्ययन से जुड़े लेखक शिनयान वांग का कहना है कि चाय पीने से मौत का जोखिम कम हो जाता है। वहीं चाय पीने वाले लोगों के सेहत पर सकारात्मक असर देखा गया है। उनकी सेहत में सुधार हुआ है। यह अध्ययन यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

ऐसे हुई रिसर्च : इस अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया था। एक समूह में चाय पीने वाले और दूसरे समूह में चाय नहीं पीने वाले या कम पीने वाले प्रतिभागियों को रखा गया। दोनों समूहों पर शोधकर्ताओं ने करीब सात साल तक नजर रखी और उनका विश्लेषण किया। इस अध्ययन में देखा गया कि चाय न पीने वालों की तुलना में जो लोग चाय पीने के शौकीन थे और हफ्ते में तीन बार से ज्यादा चाय पीते थे उनकी उम्र बढ़ी और वो सेहतमंद रहे। ऐसे में जो लोग भी चाय पीने के शौकीन है, उनके लिए खुशखबरी है कि वे आराम इसे पी सकते हैं।

# देहरादून : ट्रैफिक पुलिस अब ड्रोन से केवल यातायात पर नहीं, सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने वालों पर भी रखेगी नजर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 24 जून : ट्रैफिक पुलिस ड्रोन से केवल यातायात पर नहीं, सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने वालों पर भी नजर रखेगी। बीते दिन ट्रैफिक पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से राजपुर रोड और सीएमआई अस्पताल के पास निर्माण सामग्री फैलाने पर दो निर्माण एजेंसियों के चालान काटे। दून की ट्रैफिक पुलिस यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए ड्रोन की मदद ले रही है। पूरे देश में केवल दून ट्रैफिक पुलिस ही अभी ड्रोन के जरिये ट्रैफिक चालान कर रही है। इसके अलावा अब ड्रोन से सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाकर यातायात को बाधित करने वाले पर भी ड्रोन से नजर रखी जा रही है। पुलिस ने इसकी शुरुआत करते हुए दो संस्थाओं के चालान काटे। एसपी ट्रैफिक अक्षय कोंडे ने बताया कि सीएमआई अस्पताल के पास और राजपुर रोड स्थित बफेट के सामने सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने पर निर्माणदायी संस्थाओं पर कार्रवाई की गई। साथ ही संस्था के अधिकारियों को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत दी गई। ऐसा फिर करने पर पुलिस अधिनियम के अतिरिक्त उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### चेकिंग के दौरान चाकू के साथ दो गिरफ्तार

रुडकी। कांवड़ मेले के दृष्टिगत शुरू किये गये चेकिंग अभियान के अंतर्गत बॉर्डर पर पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किए गए हैं। दोनों को शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। पिछले दिनों हुई क्राइम मीटिंग के दौरान एसएसपी अजय कुमार ने सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश जारी करते हुए कांवड़ मेले के दृष्टिगत सीमा के आसपास विशेष निगरानी बरतने के निर्देश दिए थे। इंस्पेक्टर महेश जोशी ने सभी उपनिरीक्षकों और चेतक पुलिस दल के कर्मचारियों के साथ बैठक की। क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने और बॉर्डर पर विशेष तौर नजर रखने को कहा गया। एसएसआई प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ट्रक से सामान गायब करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने ट्रक से कंपनी का सामान गायब करने वाले चालक व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही गायब सामान भी बरामद कर लिया है। ट्रांसपोर्टर लक्खा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 15 जून को उनके ट्रक में सितारगंज की कंपनी से सामान भरकर चालक रुद्रपुर के वेयरहाउस में ले जा रहा था। रास्ते में ट्रक के चालक फिरासत अली निवासी ग्राम नयागांव ने करीब 45 हजार का सामान गायब कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक फिरासत, अजीम निवासी नयागांव, ताहिर निवासी बरुवाबाग को गिरफ्तार कर लिया। उनकी कार में चोरी का कुछ सामान बरामद हुआ। इन आरोपियों ने कुछ सामान यूपी में फुटकर में बेच दिया। पुलिस उस सामान को भी बरामद करने का प्रयास कर रही है।

### बिजली चोरी में चार पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। ऊर्जा निगम की टीम ने भदईपुरा और खेड़ा के इलाके में छापामार कार्रवाई की। बिजली चोरी करते हुए चार उपभोक्ताओं को पकड़ा गया। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। 21 जून को उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता सहित कर्मचारियों की एक टीम ने भदईपुरा सहित कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने शांति कॉलोनी भदईपुरा निवासी पवन कुमार पुत्र कृपाल सिंह, पाल पुत्र हरद्वारी लाल, दुधिया बाबा खेड़ा निवासी जमीला पत्नी महेंदी हसन और खेड़ा चौक निवासी जाकिर को बिजली चोरी करते पकड़ा। टीम ने कनेक्शन काट दिए और तार को सील कर दिया। एसडीओ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### शाही का पिछा करते गुफा में घुसा नेपाली युवक, मौत

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक नेपाली युवक साही का पीछा करते हुए एक गुफा में घुस गया, लेकिन अंदर जाकर वह बाहर नहीं आ पाया। अंदर जाते हुए उसे उसके साथियों ने देख लिया। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय भरत बूड़ा पुत्र बिरकी बूड़ा निवासी बैलेख वार्ड नंबर तीन नगरपालिका दुलू नेपाल यहां दुग नाकुरी तहसील के रीमा क्षेत्र में खड़िया खनन कार्य करता था। यहां 15 जून के बाद खनन कार्य बंद हो गया। वह अन्य काम की तलाश में दो दिन पहले साथियों के साथ बागेश्वर के पौडीबेंड चौगांवछीना क्षेत्र में पहुंचा। महादेव गुफा के पास उन्होंने टेंट लगाया। गुरुवार शाम भरत साथियों के साथ लकड़ी बीनने जंगल में गया था। इसी दौरान उसकी नजर एक जंगली जानवर साही पर पड़ी। उसका शिकार करने के लिए वह उसके पीछे दौड़ा। जान बचाने के लिए साही गुफा की ओर चला गया। लालच में आया युवक भी गुफा में चला गया। लकड़ी बीनने गए अन्य साथियों ने उसे अंदर जाते देख लिया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद चिता मोबाइल की टीम के गिरीश बजेली मौके पर पहुंचे। इसके बाद नेपाली मजदूरों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन शव लेकर नेपाल रवाना हो गए हैं।

# चमोली में क्रिटिकल केयर ब्लॉक के भूमि हस्तांतरण की मिली मंजूरी : डॉ आर राजेश कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/चमोली, 24 जून , उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली में आमजन को स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराने के मद्देनजर जिला अस्पताल गोपेश्वर में जल्द ही 52 बेडड क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना की जाएगी जिसको लेकर वर्षों से लंबित पड़ी 3 हजार वर्ग मीटर भूमि हस्तांतरण के मामले को शासन ने मंजूरी दे दी है यह जानकारी स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने साझा की है।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि विगत माह में सीमांत जनपद चमोली भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि जिला अस्पताल गोपेश्वर में जगह की कमी के कारण क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित नही हो पा रहे थे जिसके कारण अति गंभीर रोगियों को इलाज मुहैया कराने में खासी परेशानी देखी जा रही थी। जिसके कारण आमजन को स्वास्थ्य लाभ के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ रहा था। मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत शासन में संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए जिसके बाद जिला अस्पताल के समीप भूमि का हस्तांतरण पीडब्ल्यूडी से स्वास्थ्य विभाग को कर दी गई है।

शीघ्र ही हाईटेक इक्विपमेंट से सुसज्जित 52 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए हैं और जल्द ही आमजन को स्वास्थ्य लाभ उन्हीं के गृह जनपद में मिलने लगेगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना हेतु विभागीय स्तर पर कार्य शुरु हो गया है। उन्होंने बताया की पहाड़ी जनपद में आपदा तथा दुर्घटना की संभावनाएं हमेशा बनी रहती है ऐसी स्थिति में क्रिटिकल केयर ब्लॉक आमजन, पर्यटक, धार्मिक पर्यटक, साहसिक खेल प्रेमियों की लाइफ सेंविंग में वरदान साबित होगी।



# SSP नैनीताल पंकज भट्ट ने क्राइम मीटिंग में दिए कड़े निर्देश, बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी , 24 जून, एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने नैनीताल पुलिस के सभी सर्किल/थाना प्रभारियों के साथ हल्द्वानी में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान अफसरों को कई निर्देश दिये है। जनपद के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था तथा शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी गई। पर्यटन सीज़न के दृष्टिगत भारी वाहन रात्रि में ही चलने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।आगामी कांवड़ मेला ड्यूटी/मानसून सीजन के दृष्टिगत आपदा ग्रस्त क्षेत्र को चिन्हित कर तत्काल वाचक को प्राप्त कराने के निर्देश दिए गए साथ ही आपदा उपकरण को तैयारी हालात में रखना सुनिश्चित करेंगे।आगामी पर्व बकरा ईद के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ लाउडस्पीकर लगाने की संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति से ही लगवाए जाए। सीजन ड्यूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मियों के द्वारा अच्छी ड्यूटी दी जा रही है। समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया अपने थाना/चौकी में शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए हैं।सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाएंगे। थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया मा0 न्यायालय से प्राप्त सम्मनों को तामिल करने के पश्चात तत्काल कोर्ट में प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।मा0 उच्च न्यायालय के निर्गत आदेशों का कठोरता से पालन करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही आदेशों को जी.डी. में अंकित करेंगे। कोतवाली हल्दवानी/मुखानी क्षेत्र में वाहन लूट, मोबाइल लूट की घटना का तत्काल अनावरण करने के दिशा निर्देश दिए गए। रामनगर क्षेत्र में गृह भेदन की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने प्रभावी पैकेट एवं गश्त लगाने के दिशा निर्देश दिए गए साथ ही गृह भेदन की घटनाओं का तत्काल अनावरण करने के दिशा निर्देश दिए गए। जुआ अधिनियम/शस्त्र अधिनियम/आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। 107/116 के अंतर्गत कार्यवाही करने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के साथ साथ प्रभावी गश्त लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए। समस्त थाना प्रभारियों को ई चालान की व्यवस्था को अधिक से अधिक प्रभावी करने के दिशा निर्देश दिए गए। पहाड़ी क्षेत्रों के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पहाड़ से अवैध मादक पदार्थों एव वन्यजीव तस्करी की रोकथाम करने हेतु प्रभावी चैकिंग करना सुनिश्चित करें।





समस्त थाना प्रभारी को बीट सूचना लिखने हेतु निर्देशित किया गया।

माह में जनपद में कैंची धाम मेला ड्यूटी/सीजन ड्यूटी दुरुस्त करने एवं प्रभावी पुलिसिंग कर महत्वपूर्ण योगदान देने व सराहनीय कार्य करने के लिए उमेश कुमार मलिक, प्रभारी निरीक्षक भवाली, डी०आर० वर्मा, प्रभारी निरीक्षक लालकुआँ,श्री हरपाल सिंह, प्रभारी साईबर सेल, आदेश कुमार, निरीक्षक यातायात नैनीताल, नन्दन सिंह रावत, थानाध्यक्ष कालाढूंगी नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, विमल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष भीमताल ' भगवान सिंह महर, थानाध्यक्ष चोरगलिया महेश चन्द्र जोशी, थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर, भुवन सिंह राणा, थानाध्यक्ष खानस्यूं, मनोज सिंह नयाल, थानाध्यक्ष बेतालघाट, रजत कसाना प्रभारी सीसीटीएनएस, उ0नि0 दिलीप कुमार, प्रभारी चौकी खैरना,उ0नि0 कृष्णा गिरी, प्रभारी चौकी कैंची धाम,उ०नि० बालकिशन आर्या, प्रभारी चौकी क्वारब, उ0नि0 शंकर नयाल, थाना बनभूलपुरा अ० उ०नि० गोविन्दी टम्टा, चौकी क्वारब,अ० उ०नि० तनुजा हयांकी, थाना मुखानी,कान्स० नरेन्द्र सिंह कोतवाली भवाली, कान्स० प्रयाग जोशी, कोतवाली भवाली,कान्स० पवन राणा कोतवाली भवाली,आरक्षी नापु प्रीतम सिंह, कार्यालय प्रधान लिपिक,उ0नि० अनिल कुमार, प्रभारी चौकी आम्रपाली उ०नि० अभिसूचना नन्दन सिंह कोरंगा, अभियोजन कार्यालय हल्द्वानी,अनुचर आनन्द सिंह बिष्ट, बहुद्देशीय कार्यालय हल्द्वानी* को Best Employees of the month के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान हरबन्स सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी, संगीता सीओ लालकुआं, भूपेंद्र सिंह धोनी सीओ सिटी हल्द्वानी, बलजीत सिंह भाकुनी सीओ रामनगर, विभा दीक्षित सीओ नैनीताल, नितिन लोहनी सीओ भवाली समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी/पी.ए.सी आदि मौजूद रहे।

# हल्द्वानी : यू-ट्यूब से हर महीने 80 लाख रुपये कमाता है ये लड़का

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 24 जून : सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं तो यूट्यूबर सौरभ जोशी से पाला जरूर पड़ा होगा। ब्लॉगिंग की दुनिया में अलग पहचान बना चुके सौरभ जोशी सिर्फ 24 साल के हैं, लेकिन कमाई के मामले में उन्होंने अच्छे-अच्छों को पीछे छोड़ दिया है। सौरभ 80 लाख रुपये महीना कमाते हैं। आज हम सौरभ की सफलता के बारे में जानते हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने की उनकी जर्नी भी कम रोमांचक नहीं है। एक वक्त था जब सौरभ के परिवार को गरीबी के चलते कई बार किराये का मकान बदलना पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से पिता को मजदूरी करनी पड़ी, और आज इसी परिवार को 42 लाख से ज्यादा यूजर फॉलो करते हैं। यूट्यूब पर सौरभ के चैनल के 21 मिलियन सब्सक्राइबर हैं।





सौरभ मूलरूप से बागेश्वर के रहने वाले हैं। उनका जन्म 8 सितंबर 1999 को कौसानी में हुआ था। सौरभ के जन्म से पहले ही उनके पिता दूसरे पहाड़ वासियों की तरह काम की तलाश में दिल्ली आ गए थे। यहां वो पीओपी का काम करने लगे। सौरभ और उनके परिवार का संघर्ष लगातार जारी रहा। इंटर में सौरभ के अच्छे मार्क्स नहीं आए। बाद में उन्होंने डिजाइनिंग और आर्किटेक्चर में करियर बनाने के लिए विजुअल रिप्रजेंटेशन, पर्सपेक्टिव ड्रॉइंग वगैरह अच्छे से सीखा, लेकिन आर्किटेक्चर में भी उनका सेलेक्शन नहीं हो सका।

इसके बाद वो वापस घर लौट आए और पिता के साथ पीओपी का काम करने लगे। साथ ही ड्राइंग बनाने का काम भी जारी रखा। इसी दौरान भाई की सलाह पर सौरभ ने यूट्यूब पर वीडियो बनाने शुरू कर दिए। शुरुआत में सफलता नहीं मिली, लेकिन लॉकडाउन के दौरान उनके एक वीडियो ने उन्हें सेलिब्रेटी बना दिया। इस वीडियो में सौरभ पूरे परिवार के साथ ड्रॉइंग बनाते दिखे। आज सौरभ की गिनती टॉप के व्लॉगर्स में होती है। उनका लाइफ स्टाइल भी किसी सेलिब्रेटी से कम नहीं है।

# राज्य रेलवे सुरक्षा व्यवस्था समिति की बैठक में डीजीपी अशोक कुमार ने दिए निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 जून, डीजीपी अशोक कुमार की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में राज्य रेलवे सुरक्षा व्यवस्था समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, राजाजी टाईगर रिजर्व, आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में यह बैठक आयोजित की जाती है। इस बैठक से काफी लाभ हुआ है और रेलवे सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित सभी एजेन्सियों में आपसी समन्वय बेहतर हुआ है।

**बैठक में विभिन्न सुरक्षा व प्रशासनिक बिन्दुओं पर विचार विर्मश किया गया ये महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गयेः-**

1- ट्रेनों पर पत्थरबाजी एवं रेलवे ट्रेक से छेड़छाड़ की घटनाओं पर सख्त रूख अपनाते हुए अभियोग पंजीकृत कर ऐसे लोगों की गिरफ्तारी की जाए।2- ट्रेनों में पत्थरबाजी रोकने के लिए ऐसे स्थानों का चिन्हीकरण कर वहां स्थित गांव/महौल्लों में गोष्ठी आयोजित की जाए। साथ ही लोगों की काउंसलिंग भी की जाए।3- ट्रेन और रेलवे स्टेशनों पर चोरी, टप्पेबाजी, जेब कतरी आदि घटनाओं पर तुरंत अभियोग पंजीकृत कर पीड़ित को राहत दी जाये। अभियोगों के अनावरण का प्रतिशत भी बढ़ाया जाए। जीआरपी की एसओजी को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।4- अपराधों की रोकथाम एवं अपराध नियंत्रण हेतु जीआरपी व आरपीएफ समन्वय स्थापित कर आपस में



पेशेवर अपराधियों एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं का अदान-प्रदान करें।5- वन्य जीवों को रेल संचालन से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए वन विभाग एवं राजाजी टाईगर रिजर्व के साथ समन्वय बैठक कर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर उनकी फेन्सिंग किये जाने के साथ-साथ अन्य उपाय किये जाने का भी आश्वासन दिया गया।6- महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के दृष्टिगत किए गए सिक्यूरटी ऑडिट की संस्तुतियों का अनुपालन कराया जाए। रेलवे स्टेशनों पर प्रकाश और अग्निशामक यंत्रों की पूरी व्यवस्था करन, सीसीटीवी से कवर कर आने-जाने वालों की पूरी चैकिंग/फ्रिस्किंग करने का भी निर्णय लिया गया।7- रेलवे स्टेशनों, रेलवे ट्रेकों की सुरक्षा हेतु आरपीएफ, जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशनों में सयुंक्त रूप से प्रभावी चैकिंग के साथ-साथ पैदल व पुश ट्रॉली द्वारा रेलवे ट्रेकों का भी निरीक्षण किया जाये।8- ट्रेनों में एस्कोर्ट करने वाले जीआरपी कर्मियों के लिए ट्रेनों में सीट आरक्षण के सम्बन्ध में रेलवे के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया। साथ ही जीआरपी और आरपीएफ द्वारा एस्कोर्ट ड्यूटी चार्ट को आपस में साझा करने का भी निर्णय लिया गया।9- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन में जीआरपी की तैनाती व नए थाने की स्थापना के सम्बन्ध में भी विचार-विमर्श हुआ।10- जीआरपी की जनशक्ति और इंफ्रास्ट्रक्चर के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक- विम्मी सचदेवा, पुलिस महानिरीक्षक, पी/एम- विमला गुंज्याल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर- तारिक अहमद, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था/रेलवेज उत्तराखण्ड- पी0 रेणुका देवी, चीफ टैक इंजीनियर, उत्तर रेलवे, बडौदा हाउस नई दिल्ली (ऑनलाइन)- रविन्द्र कुमार गोयल, पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना एवं सुरक्षा उत्तराखण्ड- तृप्ति भटट, अजय गणपति- पुलिस अधीक्षक रेलवेज, पुलिस अधीक्षक, रेलवेज मुरादाबाद- आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, लखनऊ- डा0 श्रेयांश चिंचवाडे, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर बरेली- ऋषि पाण्डे, उपनिदेशक, राजाजी टाईगर रिजर्व, देहरादून- कहकशा नसीम, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड- डा0 यू0एस0 कण्डवाल, सहित आसूचना ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# टिहरी : गुलदार झपटा तो आंगन में खेल रही पोतियों के लिए ढाल बन गई दादी, ऐसे बचाई जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 24 जून : टिहरी में प्रताप नगर ब्लॉक में घर के आंगन में बैठीं दो बच्चियों पर एक गुलदार ने हमला कर दिया। जैसे ही गुलदार झपटा, बच्चियों की दादी खुद उसके सामने आ गईं। इससे पोतियां तो बच गईं लेकिन दादी गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। घटना भदूरा पट्टी के आबकी गांव की है। गांव के प्रधान शिवराज रमोला ने बताया कि बीती रात करीब नौ बजे चंद्रमा देवी (58) पत्नी अव्वल सिंह नेगी घर के आंगन में थीं, उनकी करीब चार वर्ष की दो पोतियां वैष्णवी और रियांशी (चचेरी बहन) पास में ही बैठी थीं।



तभी गुलदार वहां आ गया। जैसे ही गुलदार बच्चियों पर झपटा, चंद्रमा दोनों को पीछे कर खुद गुलदार के सामने आ गईं। गुलदार उन्हें घसीटते हुए ले जाने लगा। तभी घर के अन्य सदस्य आ गए और शोर मचाने लगे, जिससे गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। गुलदार के हमले में बुरी तरह से लहूलुहान हुईं चंद्रमा देवी को सीएचसी चौंड पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर जौलीग्रांट रेफर कर दिया गया। उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं, क्षेत्र में उनकी बहादुरी की खूब सराहना की जा रही है। गांव के प्रधान ने बताया कि गुलदार ने चंद्रमा देवी पर हमला करने के कुछ ही देर बाद एक कुत्ते पर हमला किया। इससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से गुलदार के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# ऋषिकेश , मां की आंखों के सामने गंगा में डूबा बेटा, दर्दनाक मौत



उत्तराखंड 24 जून : ऋषिकेश में इन दिनों पर्यटकों की आवाजाही हो रही है और गर्मी से बचने के लिए लोग पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। मगर इनमें से कई लोग लापरवाही का शिकार हो रहे हैं और गंगा नदी में अब तक कई पर्यटकों के डूबने की खबर सामने आ चुकी है। कुछ पर्यटक लापरवाही करते हैं जिस वजह से वह हादसे का शिकार हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ ऋषिकेश में बस फिर से देखने को मिला। त्रिवेणी घाट में अपनी मां के साथ में घूमने आए 19 वर्ष के युवक की गंगा नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। बता दें कि युवक धामपुर बिजनौर के कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था और अपनी मां के साथ में ऋषिकेश घूमने आया हुआ था ,इसी दौरान त्रिवेदी घाट पर नहाने के दौरान युवक की डूबकर मौत हो गई है। दरअसल त्रिवेणी घाट में जी-20 के मद्देनजर निर्माण कार्य चल रहे हैं जिस कारण गंगा की मुख्यधारा से हटकर उपधारा में लोग नहा रहे हैं। बीते दिन को 19 वर्षीय अवधेश निवासी दुर्गापुरी चौक रामनगर अपनी मां किरण और एक और रिश्तेदार के साथ ऋषिकेश घूमने आया हुआ था , और यहां वह त्रिवेणी घाट की धारा में नहा रहा था कि अचानक ही वह पानी में डूबने लगा इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने हल्ला गुल्ला मचाना शुरू किया तो जल पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गंगा से बाहर निकालकर राज्य के चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। अपने लाडले बेटे को अपनी आंखों के सामने मौत के मुंह में समाते हुए देखने से उसकी मां सदमे में है।

# क्लेमेन्टाउन क्षेत्र में हुए डबल मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

तरह जून को कंट्रोल रूम थाना क्लेमेन्टाउन को सूचना मिली कि टर्नर रोड पर स्थित एक घर से काफी बदबू आ रही है जिसके अन्दर सम्भवतः किसी का शव पड़ा हुआ हैं, इस सूचना पर थानाध्यक्ष क्लेमेंट टाउन मय फोर्स के मौके पर गए तो पाया कि टर्नर रोड सी- 13 में मकान मालिक सोहेल निवासी जोशियाडा उत्तरकाशी के मकान में काशिफ पुत्र मोहतशिम निवासी चहलोली थाना नागल जिला सहारनपुर अपनी पत्नी अनम के साथ पिछले 4 महीने से निवास कर रहा था, जिसके कमरे के एक दरवाजे पर बाहर से ताला लगा था तथा दूसरे दरवाजे पर अंदर से कुंडी बंद थी। मौके पर दरवाजे की जाली काटकर कुंडी खोली गई तो कमरे के फर्श पर मृतक पति-पत्नी की बॉडी पड़ी थी, जिनसे काफी बदबू आ रही थी तथा दोनों बॉडी लगभग दो-तीन दिन पुरानी लग रही थी।

मौके पर एफ0एस0एल टीम को बुलाया गया था, टीम द्वारा दोनों बॉडी को भली-भांति चेक किया गया लेकिन दोनों मृतकों के शव काफी फूल चुके थे, जिनमें कीड़े पड़ गए थे, जिस कारण शरीर पर आई चोट का पता नही चल पा रहा था। दोनों मृतकों के बीच में एक छोटा बच्चा जो चार-पांच दिन का था, वह जीवित था। बच्चे को तुरंत निकालकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से दून चिकित्सालय भिजवाया गया। मृतकों के परिजनों के समक्ष पंचायत नामा भरकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया । मृतक के परिजनों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि मृतक कि 1 साल पहले ही दूसरी शादी हुई थी तथा पहली पत्नी से उसका एक 5 साल का बच्चा है। पहली पत्नी नुसरत ने बताया कि पिछले दो-तीन दिन से मेरे पति फोन नहीं उठा रहे थे और फिर उनका फोन बंद हो गया तो दिनांक 13/06/23 को समय 2:00 बजे में टर्नर रोड़ पर उक्त मकान पर आई थी लेकिन जब उनके दरवाजे बंद मिले तो




मेरे द्वारा अपने सास व देवर को इस सम्बन्ध में बताया गया तत्पश्चात उनके द्वारा मृतक के परिचित अशवद को सूचना देकर मौके पर बुलाया, जिसके द्वारा मौके से 112 कंट्रोल रूम को घटना के सम्बन्ध में सूचना दी गई।

परिजनों व पहली पत्नी से जानकारी की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि मृतक काशिफ से उनकी आखिरी बार बात 10 जून को रात्रि लगभग 11:00 - 11:30 बजे हुई थी तो मृतक द्वारा बताया गया था कि वह कल गांव आयेगा क्योंकि उसके द्वारा किसी से ₹ 500000/- उधार लिए थे जो उसको वापस करने थे क्योंकि उनके द्वारा उसे 10 जून का समय दिया गया था तथा इससे पूर्व भी वह दो बार समय ले चुका था। प्रथम दृष्ठया मृतक के परिजनों द्वारा दोनों का आत्महत्या करना बताया गया था तथा किसी पर भी कोई शक नहीं जताया गया था, लेकिन फिर भी घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा अपनी जांच जारी रखी गई थी ।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक अपराध तथा पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस उपाधीक्षक सदर को घटना के संबंध में जांच कर मृत्यु के सही कारणों की जानकारी करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस पर थानाध्यक्ष क्लेमेंट टाउन द्वारा उक्त संबंध में टीम गठित कर लगातार घटनास्थल के आसपास लोगों से जानकारी की जा रही थी तो जानकारी करने पर पता चला कि दिनांक 12/13 जून की रात्रि एक सफेद रंग की कार घटनास्थल पर आती-जाती देखी गई थी, जिस पर घटनास्थल स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो से जानकारी मिली की दिनांक 12/13 जून की रात्रि मैं गाड़ी नंबर UK07DG 4786 घटनास्थल पर आई थी और तुरंत वापस चली गई थी।

मृतकों के परिजनों से उक्त वाहन के बारे में जानकारी की गई तो पता चला उक्त वाहन अशवद का है। जिसके द्वारा दिनांक 13/06/23 को कंट्रोल रूम को घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई थी। जिस पर अशवद से जानकारी की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि मेरी कार दिनांक 12 /13 की रात्रि को सहवाज लेकर गया था, जब मेरे द्वारा शहवाज को रात्रि 1:30 बजे लगभग फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था और फिर वह उसी रात में सुबह 4:00 बजे वापस आ गया था तो मैंने उससे जानकारी की तो उसने बताया मैं छुटमलपुर पार्टी में गया था, जिस पर मृतकों के परिजनों द्वारा मृतका अनम के भाई शहवाज पर शक जताया गया और एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिस पर बाद जांच दिनांक 21 जून को शहवाज के खिलाफ मु0अ0स0 71/23 धारा 302 IPC के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया । अभियोग में नामजद अभियुक्त शहवाज को पुलिस द्वारा पुछताछ हेतु थाने लाया गया जिससे सख्ती से पुछताछ करने पर उसके द्वारा अपना जुर्म कबूल करते हुए दिनांक 10/06/23 की रात्रि में आशिफ व अपनी बहन अनम की हत्या किया जाना स्वीकार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस द्वारा घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने गये खून लगे कपड़े आशारोड़ी के जंगल से बरामद किये गये। अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया जिसे समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। पुछताछ मे अभियुक्त शहवाज द्वारा बताया गया कि हम दो भाई तथा एक बहन है। सबसे बड़े भाई का नाम शादाब है फिर मेरी बहिन अनम है और फिर मैं हूं। मेरी माता का नाम शहनाज है जो हमें छोड़कर कहीं चली गई थी और किसी दूसरे से शादी कर ली थी तब हम भाई बहिन छोटे थे, फिर मेरे पिताजी द्वारा हमारा पालन-पोषण किया था मेरे पिता भी हाइड्रा चलाते थे, जिनकी मृत्यु 8-10 साल पहले हाइड्रा मशीन के नीचे दबने से हो गई थी लेकिन मुझे पता चला था कि अशजद ने मेरे पिता को जानबूझकर हाईड्रा से टक्कर मारकर मारा था जिसे Accident बताया था , अशजद हमारे गांव का रहने वाला है तथा कासिफ के ताऊ का लड़का है लेकिन उस समय हम छोटे थे तो कुछ नहीं कर पाये, हमारी दादी ने हम तीनों भाई बहनों का पालन पोषण किया, कासिफ भी मेरे गांव का ही रहने वाला था जिसकी दोस्ती हम दोनो भाईयों से थी तथा उसका हमारे घर आना जाना था, इसी बीच मेरी अपनी खाला (मौसी) की लड़की आईशा जो कराल्टी थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर की रहने वाली है, के साथ दोस्ती हो गई , वह उस समय 8 या 9 वी क्लास में पढती थी फिर हम दोनो में प्यार हो गया और मैं उसे अगस्त 2021 में भगाकर इलाहाबाद ले गया था.वो उस समय नाबालिग थी जिस कारण हमारी शादी नही हो पाई थी। फिर आईशा के घर वालों ने मेरे तथा मेरे बड़े भाई व कासिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया था क्योकि कासिफ भी मेरे साथ था उसने भी लडकी भगाने मे मेरी मदद की थी उसके बाद मुझे और मेरे बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जहां में आठ महिने जेल मे रहा तथा अभी जमानत पर बाहर आया हुं जब मैं और मेरा बड़ा भाई जेल में थे तो इस दौरान मेरी बहिन घर पर अकेली थी तथा कासिफ का घर पर आना जाना ज्यादा हो गया था । जब मैं जेल से बाहर आया तो मुझे गांव वालो ने कासिफ और मेरी बहन अनम की सारी वातें बताई तो मैने कासिफ को घर में आने से मना कर दिया था क्योकि कासिफ की हरकते कुछ ठीक नहीं थी उसने मेरी बहिन को अपने प्यार में फंसा दिया था और उसकी अश्लील बीडियो भी बना दी थी जिस कारण जैसे वह कहता था वैसी मेरी बहिन करती थी जबकि कासिफ की पहले शादी हो रखी थी कुछ समय बाद कासिफ मेरी बहन को भगा कर ले गया और कोर्ट मे उससे शादी कर ली । इस सम्बन्ध में मेरे भाई की तरफ से नागल थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी पर मेरी बहिन से हमारे खिलाफ वीडियो और आडियो बनाकर गांव वालो को भेज दी थी जिसमें मेरी बहिन हमारे खिलाफ बयान दे रही थी कि मुझे अपने भाईयों से जान का खतरा है ।

## संपादकीय



# दोस्ती के साथ तोहमतें भी

राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी के द्विपक्षीय संवाद के बाद भारत की लगभग तमाम मुरादें और अपेक्षाएं सम्पन्न हो गईं। साझा बयान और सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर से यह स्पष्ट है। लड़ाकू विमान के इंजन एफ-414, विनाशक ड्रोन, सेमीकंडक्टर, घातक मिसाइल, तोप, राइफल आदि अस्त्रों और रक्षा उपकरणों का उत्पादन अब भारत में होगा। हमारी कंपनियां उत्पादन करेंगी। अमरीका ने प्रौद्योगिकी साझा करने के करारों पर भी दस्तखत किए हैं। इसरो-नासा संयुक्त अंतरिक्ष मिशन के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक जाएंगे। मानव को अंतरिक्ष में ले जाने की रणनीति पर भी दोनों संगठन विमर्श करेंगे। माइक्रोन कंपनी 22,500 करोड़ रुपए की लागत से प्लांट लगाएगी और सेमीकंडक्टर असेंबली पर 6500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।सेमीकंडक्टर से ही जुड़ी एक और विख्यात कंपनी देश में 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगी और फिर रोजगार देगी। कमोबेश अब हमें सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए चीन, सिंगापुर पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। 5-जी और 6-जी प्रौद्योगिकी में भी अमरीकी सहयोग और क्वांटम समन्वय करार भी किया गया है। जिस अमरीका ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत को जीपीएफ डाटा देने से इंकार कर दिया था, वही अमरीका आज भारत के साथ विविध स्तर की साझेदारी के करार करने को उतावला है। जाहिर है कि भारत बहुत बदला है। वैसे अमरीकी राष्ट्रपति तब भी और आज भी डेमोक्रेटिक पार्टी के रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राजकीय प्रवास के दौरान भारत की झोली खूब भरी गई, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक सवालिया तोहमत लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रपति बाइडेन को प्रधानमंत्री मोदी से, भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानों की सुरक्षा और आसन्न संकटों पर, सवाल जरूर करना चाहिए। बराक ने साक्षात्कार में यह भी साफ किया है कि यदि वह आज अमरीका के राष्ट्रपति होते, तो भारतीय प्रधानमंत्री से यह सवाल जरूर करते। बराक ओबामा राष्ट्रपति रहे हैं और बाइडेन 8 सालों तक उनके उपराष्ट्रपति थे। जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका का दौरा किया था और पहली बार अमरीकी संसद को संबोधित किया था, तब बराक ही राष्ट्रपति थे। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ओबामा को कई मौकों पर अपना 'मित्र' भी घोषित किया था। बराक ओबामा ने यह सवाल तब क्यों नहीं उठाया? यही नहीं, अमरीका के 75 सांसदों ने राष्ट्रपति बाइडेन को पत्र लिख कर आग्रह भी किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से भारत में धार्मिक असहिष्णुता, राजनीतिक अंकुश, अभिव्यक्ति की कम आजादी, असुरक्षित अल्पसंख्यक, मानवाधिकार हनन, लोकतंत्र-संविधान पर संकट, इंटरनेट प्रतिबंध आदि पर सवाल पूछे जाने चाहिए।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक "भारत ज्योति" ने राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के साथ हुए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, शुक्रवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून और राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, नागपुर के बीच समान और पारस्परिक हितों के विषय क्षेत्रों में प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने की दृष्टि से वार्ता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून की ओर से अकादमी के निदेशक भारत ज्योति, भा.व.से. और राष्ट्रीय प्रत्यक्षक कर अकादमी की ओर से प्रधान आयकर महानिदेशक (प्रशिक्षण) संजय पुरी ने आईजीएन-एफए देहरादून में दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए। इस मौक़े पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक "भारत ज्योति" ने आशा व्यक्त की, कि यह समझौता दोनों संगठनों के लिए प्रशिक्षण और शिक्षा के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। एमओयू का उद्देश्य आईजीएनएफए और एनएडीटी के बीच संस्थागत संबंधों को प्रगाढ़ करना, और वनों के शासन, प्रशासन, प्रबंधन, पारिस्थितिक और पर्यावरण प्रणालियों के साथ-




साथ कराधान व सार्वजनिक अर्थशास्त्र तथा वित्त और वित्तीय-प्रबंधन के पेशेवर क्षेत्रों में शिक्षण व प्रशिक्षण के संभावित सहयोग हेतु नई संभावनाओं की तलाश करना है।

दोनों संस्थानों से लाभान्वित होने वाले कैडरों की प्रबंधन, और कार्यात्मक व व्यवहारिक दक्षता में वृद्धि करना है। इस अवसर पर सुशील कुमार अवस्थी, अपर निदेशक, आईजीएनएफए, राज कुमार बाजपेयी, प्रभारी-प्राध्यापक, आईजीएन-एफए, तुलसी दास, सह प्राध्यापक, डॉ. शिवबाला एस., सह प्राध्यापक, डॉ. ए.के. सुमन, एलआईओ और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।

# ऋण स्वीकृत करने में आनाकानी करने वाले बैंकर्स पर होगी कार्रवाई : सीडीओ

हरिद्वार। सीडीओ प्रतीक जैन ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि चयनित आवेदन पत्र बैंकों को तत्काल भेजे जाए। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदकों को बैंकर्स द्वारा समयबद्धता से ऋण मुहैया कराया जाए। ऋण स्वीकृत करने में आनाकानी करने वाले बैंकर्स के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। शुक्रवार को पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे विकास योजना के अंतर्गत चुने गए आवेदकों के साक्षात्कार लिए गए। जिला चयन समिति की बैठक में सीडीओ प्रतीक जैन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। स्वरोजगार योजना में वाहन मद के अन्तर्गत 22 आवेदक, गैर वाहन मद में एक आवेदक व दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे विकास योजना के अंतर्गत चार आवेदकों के द्वारा आवेदन किया गया था। जिन्हें जिला अनुश्रवण समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। सभी आवेदकों का साक्षात्कार किया गया। जिसके आधार पर चयन किया गया। सीडीओ ने स्वरोजगार इच्छुक लोगों को योजना के तहत अधिक से अधिक व्यक्तियों को स्वरोजगार मुहैया करने के लिए जिला उद्योग केन्द्र तथा जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि होमस्टे योजना के अंतर्गत भवन निर्माण में पहाड़ी थीम का प्रयोग किया जाये। इससे पहाड़ी परम्परा से देश विदेश के पर्यटक रूबरू हो सकेंगे। उत्तराखंड को अपनी विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस मौके पर जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश सिंह यादव, लीड बैंक अधिकारी संजय संत, उद्योग विभाग से एसपीए सचिन कुमार, एआरटीओ कार्यालय से टीटीओ रविंद्र पाल सैनी, डीडीएम नाबार्ड अखिलेश डबलराल आदि मौजूद रहे।

# 'चौपाल में जो समस्याएं उठाई गई उसका तत्काल निस्तारण करें : आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय सारीमल्ली में आयोजित हुआ रात्रि चौपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी , 24 जून , सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पौड़ी गढ़वाल जिले के भ्रमण पर पहुंचे सचिव मुख्यमंत्री, ऊर्जा एवं वेकल्पिक ऊर्जा, श्रम एवं नियोजन विभाग मीनाक्षी सुंदरम ने सुंदरम जयहरीखाल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सारीमल्ली में रात्रि चौपाल आयोजित कर लोगों की जन समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सचिव के चौपाल में पहुंचते ही ग्रामीण काफी उत्सुक नजर दिखे। इस दौरान ग्रामीणों ने सचिव का गाँव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा सड़के , विद्युत सप्लाई, स्वास्थ्य, दुग्ध, शिक्षा संबंधित समस्याएँ रखी




रात्रि चौपाल में सचिव ने कहा कि इस तरह की चौपाल / बहुद्देशीय शिविरों के समस्याओं का समाधान पूर्व में भी किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के कार्य होना जरूरी है , जिससे क्षेत्र की कई समस्याओं का समाधान होता है। कहा कि जयहरीखाल व लैंसडौन क्षेत्र में पर्यटन काफी तेजी से बढ़ रहा है और यहां अच्छे होमस्टे व होटल बन चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में स्थान चयनित कर पॉकेट पार्किंग बनाएं। उन्होंने कहा कि जयहरीखाल में भी डेहरी ग्रोथ सेंटर बनाया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को दुग्ध लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में घी, लेमनग्रास में बेहतर संभावनाएं हैं, इसके साथ ही एप्पल मिशन के अंतर्गत छोटे-छोटे कलस्टर बनाए जा रहे हैं। सचिव ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल में उठाई गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, उपजिलाधिकारी लेंसडाउन सोहन सिंह , ब्लॉक प्रमुख जय-हरीखाल दीपक भंडारी, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य शिक्षधिकारी आनंद भारद्वाज, अधिशासी अभियंता लोनिवि पीएस बिष्ट, स्वजल अधिकारी दीपक रावत, सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान नेगी, ग्राम प्रधान सारीमल्ली नीतू रावत सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे। इससे पहली सचिव, मुख्यमंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, श्रम एवं नियोजन विभाग मीनाक्षी सुन्दरम ने विकासखण्ड सभागार जयहरीखाल में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सचिव को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार योजनाओं की जानकारी दी। सचिव ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला प्रशासन द्वारा जनपद के मुख्य मुद्दों तथा लम्बित कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया जिन पर शासन से वित्तिय अथवा अन्य स्वीकृति अनुमोदन हेतु अपेक्षित है। पौड़ी जनपद के मुख्य मुद्दों में जनपद के पौड़ी शहर में सीवरेज लाइन स्थापना, यमकेश्वर के अंतर्गत राजाजी नेशनल पार्क से सटी बस्तियों में सोलर विद्युतीकरण, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड तथा अन्य सरकारी योजनाओं से स्थानीय लोगों को लाभान्वित करने, विकासखंड यमकेश्वर के अमोला क्षेत्र व कोटद्वार से सटे कालागढ़ क्षेत्र में एक -एक 108 चिकित्सा वाहन उपलब्ध करवाने इत्यादि में शासन स्तर के वित्तिय तथा इस संबंध में अग्रिम अनुमोदन हेतु सचिव के संज्ञान में लाया गया।



इसके अतिरिक्त सचिव महोदय के संज्ञान में जनपद के लम्बित मुद्दों, सिंगटाली मोटर सेतु निर्माण, बड़खोलू मोटर सेतु निर्माण, ल्वाली झील निर्माण कार्य तथा जनपद में विभिन्न सड़कों के निर्माण, डामरीकरण व सुधारीकरण से संबंधित लम्बित मुद्दों को भी साझा किया।सचिव ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को जनपद अटल उत्कृष्ट स्कूलों के परीक्षा परिणाम व अन्य स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मध्य बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया ताकि एनआरएचएम तथा शिक्षा विभाग के बाल पोषण और संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम व योजनाऐं बेहतर तरीके से क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि पॉली हाउस लगाने के साथ ही किसानों को ट्रेनिंग, बीज व पौध उपलब्ध कराएं जिससे पॉलीहाउस का सही से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने जनपद में हर्बल मेडिसन से संबंधित कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि बनाये गए अमृत सरोवरों में कुछ को मॉडल के रुप में विकसित करें तथा उनमें मत्स्य बीज डाले।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सचिव को प्रस्तावित ट्राइडेंट पार्क, श्रीनगर गंगा दर्शन व पौड़ी में 100 फिट ऊँचा तिरंगा झंडा, कोटद्वार में बर्ड इंटरप्रिटेंशन सेंटर, पौड़ी में मांउटेन म्यूजियम, देवप्रयाग में गंगा म्यूजियम, बिपिन सिंह रावत मेमोरियल, गंगा पदयात्रा मार्ग निर्माण आदि प्रस्तावित कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने समस्त अधिकारीयों को निर्देशित किया कि बैठक में सचिव महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष लेंसडाउन ने सचिव से लेंसडाउन क्षेत्र में होटल व्यवसायियों को मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, सिवरेज, पार्किंग, मसूरी एक्सप्रेस को कोटद्वार तक पुनः चलाने आदि की समस्याओं से अवगत कराया। सचिव ने होटल कारोबारियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए आश्वस्त किया कि समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, डीडीओ मनविन्दर कौर, अधीक्षण अभियंता लोनिवि बृजवाल, अधीक्षण अभियंता जल निगम मोहम्मद मिसम, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ आनंद भारद्वाज, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र बिष्ट, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम सलोने, सीटीओ गिरीश चन्द्र, उप जिलाधिकारी सोहन सिंह, होटल एसोसिएशन लैंसडौन अध्यक्ष कर्नल पीसी शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुकान में घुसकर पत्नी को पीटा,पति फरार

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में पति ने दुकान में घुसकर पत्नी के साथ मारपीट की और उसके बाद फरार हो गया। महिला ने पति के खिलाफ कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता प्रिंयका निवासी स्टैंर्ड गारमेंट्स बी-9 गली सुभाष नगर ने बताया कि रोजाना की तरह गुरुवार को भी वह अपनी दुकान पर मौजूद थी। इसी दौरान उसका पति दीपक सैनी पुत्र रणवीर सिंह सैनी निवासी त्रिमूर्ति मंदिर के सामने पीएसी रोड आ धमका और उसके साथ गाली गलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर पति ने उसे बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर आस पास के लोगों के एकत्र होने पर उसका पति हत्या की धमकी देकर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 52वीं संभागीय खेल कूद प्रतियोगिता हरिद्वार में शुरू

हरिद्वार। 52वीं संभागीय खेलकूद की शतरंज और खो-खो प्रतियोगिताएं हरिद्वार भेल के केंद्रीय विद्यालय में शुरू हो गया है। इसमें उत्तराखंड 23 केंद्रीय विद्यालयों के लगभग 180 शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर डीजीएम एचआर भेल हरिद्वार पार्थ गौड़ा ने खेल दिग्गजों के बीच क्षेत्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की और गुब्बारे आसमान में छोड़े। इस मौके पर पार्थ गौड़ा ने छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में खेल और खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रत्येक प्रतिभागी को आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता भेल हरिद्वार के प्राचार्य राजेश कुमार की देखरेख में आयोजित की जा रही हैं। शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग की ओर से ऋषिकेश प्राचार्या सुधा गुप्ता पर्यवेक्षक के रूप में पहुंची। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह, एजीएम अजय कुमार, दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शामिल हुए। इससे पहले, प्रारंभ में मेजबान विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका गार्गी वर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक संदीप गगनिया के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुति से समां बांधा गया। इस मौके पर कार्यक्रम का समन्वय और संचालन अपर्णा तिवारी, डॉ. कीर्ति दुआ, उपेन्द्र चौहान, रितु राठौर, निर्मला, सुलेखा, निधि गुप्ता, अमित गर्ग, प्रवेश त्यागी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## कर्मचारियों को दिया जाए मेला भत्ता

हरिद्वार। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने की कांवड़ मेला भत्ता और कोविड प्रोत्साहन भत्ता दिए जाने की मांग की है। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन भेजा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, प्रदेश ऑडिटर महेश कुमार, प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र तेश्वर, जिला मंत्री राकेश भंवर, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, उपशाखा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, आशुतोष गैरोला ने कहा कि कर्मचारियों की मांग पूर्व से ही है कि इलाहाबाद की तर्ज पर माघ मेले भत्ते की तरह कर्मचारियों को एक माह का कांवड़ मेला भत्ता उनके वेतन में दिया जाए। क्योंकि कावड़ मेले के दौरान देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या करोड़ों पार कर जाती है जिससे महंगाई कई गुना बढ़ जाती है और सभी विभागों के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की एक बड़ी भूमिका कांवड़ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को लेकर होती है। चूंकि कुम्भ मेला भत्ता भी महगाई बढने के प्रतिकार स्वरूप कर्मचारियों को दिया जाता है इसलिये कांवड़ भत्ता दिया जाना भी न्यायोचित होगा।

## दुकानदार से ठगी का आरोपी गिरफ्तार

रुडक़ी। पंजाब के व्यक्ति ने जनरेटर बेचने के लिए लक्सर के दुकानदार के 48 हजार रुपये हड़प लिए। इसमें कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर विवेचक ने कोर्ट से वारंट जारी कराए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अकौढा कलां निवासी सुखवीर सिंह डीजे सिस्टम किराए पर देता है। लक्सर में उसकी दुकान है। दुकान के लिए उसे नया जेनरेटर लेना था। दिसंबर 2022 में उसने जेनरेटर बेचने वाली पंजाब की एक फर्म का विज्ञापन देखकर उसमें दिए गए नंबर पर बात की। दूसरी तरफ से हरमीत सिंह निवासी संगहरा चौक बरनाला पंजाब के साथ 1,60,000 रुपये में नए जेनरेटर का सौदा हुआ। हरमीत ने 50,000 रुपये पेशगी देने पर लक्सर में जेनरेटर डिलीवर करने का भरोसा दिया। उसकी बातों में आकर सुखवीर ने हरमीत के बताए बैंक एकाउंट में 48,000 रुपये की रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद भी उसे जेनरेटर की डिलीवरी नहीं दी गई।

## दुकान में घुसकर की मारपीट

रुडक़ी। नन्हेड़ा गांव के दुकानदार ने तीन लोगों के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट का आरोप लगया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार नन्हेड़ा गांव निवासी राकेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि तीन युवकों ने दुकान में घुसकर गाली गलौच कर मारपीट की। आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया। पुलिस ने लोकेश कुमार निवासी बघेड़ी, अंशु और दीक्षित निवासी अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## 30 जून से चार दिन तक नहीं चलेंगी आठ रेलगाडिय़ां

रुडक़ी। मुरादाबाद मंडल से होकर गुजरने वाली आठ सवारी रेलगाडियां 30 जून से चार दिन के लिए रद रहेंगी। जबकि, तीन ट्रेन अपने तय समय से लेट चलाई जाएंगी। एगवां स्टेशन पर लूप लाइन निर्माण और इंटरलॉकिंग कार्य होने से इनका संचालन प्रभावित होगा। मुख्यालय ने संबंधित स्टेशनों को इसकी सूचना भेजी गई है। केंद्र की अमृत भारत योजना से रेलवे में काफी काम हो रहे हैं।